दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राज्यसभा सांसद राजबब्बर ने आत्मीय स्वागत किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लखनऊ के चौधरी चरण सिंह विमानतल पहुंचने पर उनका राज्यसभा सांसद राजबब्बर तथा नागरिकों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां उनके साथ औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा यहां से बाराबंकी के लिए रवाना हुए।

### अवैध संबंध का संदेह, चाचा ने भतीजे पर चलाया तीर

**कोरबा (आरएनएस)।** भतीजे का चाची से अवैध संबंध होने का संदेह कर चाचा ने तीर धनुष से हमला कर दिया। हमले में भतीजा जख्मी हुआ जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार घटना लेमरू थानांतर्गत खोखराआमा बस्ती की है। यहां के निवासी पहाड़ी कोरवा मंगल सिंह 21 वर्ष पर उसके चाचा छतर सिंह ने धनुष से तीर चलाकर घायल कर दिया। घटना की वजह अवैध संबंध का संदेह बताया गया है। छतर सिंह अपने भतीजे पर संदेह है कि उसका चाची के साथ अवैध संबंध है। इस बात पर कई बार चाचा-भतीजे के विवाद हो चुका था। शुक्रवार की रात मंगल सिंह खाना खाकर सोने जा रहा था इस दौरान छतर सिंह ने उस पर तीर चला दिया जो उसके सीने के पास लगा। मंगल की चीख पुकार सुनकर परिजन वहां पहुंचे तब छतर सिंह भाग निकला। मंगल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां अथक प्रयास कर तीर को निकाला गया। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रयास के जुर्म में धारा 307 भादवि के तहत फरार छतर सिंह के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश में तेजी लाई है।

### अपनी बजट की चिंता करें भूपेश - भाजपा

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र की भाजपा सरकार के बजट को जुमला बुलेट एक्सप्रेस कहने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि केन्द्र सरकार के बजट-प्रावधानों से कांग्रेस की 'राजनीतिक उम्मीदों' पर वज्रपात हुआ है और वे सदमे में हैं। बजट की आलोचना करने के लिए कोई कारगर तर्क कांग्रेस नेताओं को सूझ नहीं रहा है और इसलिए वे ऊलजलूल टिप्पणियां करके अपनी कुंठा को व्यक्त कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मध्यम वर्ग को पांच लाख रुपए तक की आय पर कर से छूट देकर केन्द्र सरकार ने पहली बार ऐतिहासिक कदम उठाया है, वहीं अन्नदाता किसानों के आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के कारगर प्रावधान हैं। पहली बार देश का रक्षा बजट तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक का रखा गया है, वहीं एक लाख गांवों को डिजिटल बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र की भाजपा सरकार ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के घोष के साथ 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र पर काम करने का निश्चय व्यक्त किया है। शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की टिप्पणी को उनकी ओछी मानसिकता और बौखलाहट का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल यह न भूलें कि एक सप्ताह में उन्हें भी बजट पेश करना है। उनके बजट में विधानसभा चुनाव में किए गए वादों और घोषणाओं की झलक दिखनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा सड़क से विधानसभा तक प्रदेश सरकार के झूठ-फरेब और भ्रम की राजनीति को बेनकाब करने की मुखर भूमिका निभाएगी।

### बिहार से पहले बस्तर में मिल चुकी है पाकिस्तानी जी-3 असाल्ट रायफल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बिहार के रजौली में नक्सलियों के पास से पाकिस्तानी मेड गोलियां मिली हैं। इसके बाद से पाकिस्तान और नक्सली कनेक्शन की चर्चा एक बार फिर से जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि बिहार से पहले बस्तर में पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जर्मन तकनीक से बनी जी-3 असॉल्ट राइफल मिल चुकी है। यह राइफल पुलिस को सुकमा के पुट्टेपाड़ व तारीगुड़ेम में हुई मुठभेड़ के बाद मारे गए नक्सलियों के पास मिली थी। दुनिया के गिने-चुने देश ही इस उन्नत राइफल का उपयोग करते हैं। इस बंदूक के बाद इसके कई अत्याधुनिक वर्जन भी लांच किए गए हैं जो बेहद उन्नत माने जाते हैं। इसके अलावा अभी जांच में यह पता चला है जी 3 एक ऐसी राइफल है जिसमें किसी भी रायफल की गोलियां लग जाती है। हालांकि अभी पुलिस अफसर इस बंदूक की जांच के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं बता रहे हैं।

### दो लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़े

**भिलाई (आरएनएस)।** चौकी अंजोरा थाना पुलगांव में प्रार्थी गोपाल पाण्डेय आर के कन्स्ट्रेक्शन कंपनी रसमड़ा अपने साथी भोला साहू के साथ चौकी अंजोरा जाकर अपने साथ घटित लूट के अपराध के संबंध में लिखित आवेदन पत्र देते हुए बताया कि 29 जनवरी 2019 को अपने साथी भोला साहू के साथ खाना खाने रसमड़ा बाजार चौक में यादव होटल गया था। खाना खाकर वापस आते समय सीएसईडीसी ऑफिस रसमड़ा के सामने रसमड़ा ग्राम के दो अज्ञात लड़के डरा धमकाकर जेब में रखे दो नग मोबाइल एवं दो सौ रुपये जबरदस्ती छीन लिये सहायता के लिए हल्ला करने पर दोनों मोबाइल एवं पैसा लेकर भाग गए। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार त्वरित कार्यवाही करते हुए अंजोरा चौकी प्रभारी स्टाफ द्वारा रसमड़ा ग्राम जाकर दोनों आरोपियों नरेन्द्र और पृथ्वी सिंह की पता तलाश कर पकड़ा गया।

# स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने सुपेबेड़ा वासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी

## सुपबेड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराने की घोषणा

**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने गरियाबंद जिले के विकासखंड देवभोग के ग्राम सुपबेड़ा वासियों से आज मुलाकात कर किडनी की बीमारी और अन्य समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने ग्रामवासियों को इलाज में हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। सिंहदेव ने ग्रामीणों की मांग पर सुपबेड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं निस्तार के लिए तेल नदी से जल आपूर्ति की व्यवस्था की जायेगी, साथ ही ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने तेल नदी में पुल बनाने का आश्वासन



भी दिया। सिंहदेव ने ग्रामवासियों को नियमित उपचार और डायलिसिस कराने की काफी समझाईश दी। सिंहदेव के साथ लोक स्वास्थ्य मंत्री गुरू रूद्र करुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर अनेक ग्रामीणों ने किडनी की बीमारी और गांव की विभिन्न समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव को अवगत कराया।

सिंहदेव ने कहा कि पीड़ितों को इलाज के लिए रायपुर ले जाने, ईलाज कराकर वापस लाने और भोजन तथा रहने आदि की निःशुल्क व्यवस्था शासन करेगी। ईलाज के लिए किसी भी प्रकार से डरने-घबराने की जरूरत नहीं है, बस आपको उपचार हेतु अस्पताल जाने के लिए तैयार होना होगा, ग्रामवासी जब भी कहेंगे रायपुर ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम ग्रामवासियों की समस्याओं के निदान और उनके ईलाज की जिम्मेदारी लेने आए हैं। इस कार्य के लिए ग्रामवासी हमें एक मौका दे। जिन लोगों का डायलिसिस से सुधार हो सकता है, वे डायलिसिस जरूर कराएं। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में रोजगार, पानी, पुल, सड़क या अन्य सुविधाओं की जरूरत होगी हो, तो उन्हे पूर्ण किया जायेगा।

# भाजपाईयों ने की पत्रकार से मारपीट, सभी पत्रकार आज से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर



**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा कार्यालय में कल कव्हरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों से हुए मारपीट के विरोध में आज राजधानी के पत्रकार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पत्रकार बिरादरी से दोषी नेताओं व कार्यकर्ताओं की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की है।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में कव्हरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट करने वाले दोषी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को तत्काल पार्टी से बाहर करने की मांग को लेकर आज से सभी पत्रकार अनिश्चितकालीन आंदोलन व धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रेसक्लब मोतीबाग के पास आयोजित इस अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में दर्जनों पत्रकार बैठे हुए हैं। ज्ञात हो कि कल शनिवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार सुमन पांडे के साथ मारपीट के मामले में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल के साथ ही तीन आरोपियों को रात में मौदहापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया था।

## कोयले से भरी मालगाड़ी की चार डिब्बे पटरी से उतरी

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** कोरबा से कोयला भरकर बिलासपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की दो बोगी आज दोपहर चांपा यार्ड के पास पलट गई। शनिवार की शाम भी मालगाड़ी का 4 पहिया इसी जगह पर पटरी से उतर गया था। लगातार दूसरे दिन हुए इस हादसे से रेल अमला भी सकते में है। मालगाड़ी का यह हादसा अप लाइन में हुआ है। इस वजह से कोरबा की ओर आवागमन करने वाली ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित है।



ज्ञात हो कि अभी चांपा में पखवाड़े भर से नॉन इंटर लॉकिंग का काम चल रहा था। इस वजह से कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था। इंटर लॉकिंग का काम पूरा करने तथा इन रेल लाइनों में ट्रायल करने के बाद इसमें ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया है, लेकिन दो दिन में 2 हादसे से रेल प्रशासन सवालों के घेरे में है। दो दिन में हुए 2 हादसे को लेकर रेल प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधीकृत तौर पर बयान देने तैयार नहीं है।


## राहुल गांधी के साथ पटना के लिए रवाना हुए भूपेश बघेल

**रायपुर(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का लोकसभा चुनाव में अहम रोल होगा। दिल्ली से आज जिस फ्लाइट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पटना के लिए रवाना हुए उस फ्लाइट में राहुल गांधी ने अपने करीब भूपेश बघेल और अशोक गहलोत को बिठाया। इस लिहाज से भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कद बढ़ गया है। देश में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# कर्ज पटाने वाले किसानों का नहीं हुआ कर्ज माफ

## बैंक प्रबंधन पीछे हट रहे हैं नया कर्ज देने से

**जगदलपुर (आरएनएस)।** सरकार के कर्ज माफी के घोषणा के साथ ही जिन किसानों ने पूरे कर्ज का भुगतान कर दिया था। उनका भी कर्ज माफ कर रकम लौटाये जाने की बात थी, लेकिन जब किसानों ने बैंक में जाकर जानकारी मांगी तो उनके होश उड़ गये। अभी तक संभाग के किसी भी किसान के कर्ज माफ नहीं हुये हैं। अब बैंक के प्रबंधक इस संबंध में ऑडिट के बाद ही स्थिति साफ होने की बात कह रहे हैं और गलत डाटा देने के खिलाफ समितियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। बैंक



अब किसानों को नया कर्ज देने में भी पीछे हट रहे हैं। तथा इसके पीछे मुख्य कारण वसूली में होने वाली परेशानियों को बता रहे हैं।

कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के पहले किसानों का पूरा कर्जा माफ किये जाने की घोषणा की गई थी। सरकार के शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि जो किसान पूर्व में कर्ज की राशि अदा कर चुके हैं, वह राशि भी उनके खाते में जमा कर दी जायेगी। संभाग भर में 1 लाख 45 हजार किसानों ने 32956 लाख रूपये लैम्पस और जिला सहकारी बैंक से चालू वर्ष में ऋण लिया था। यह राशि कर्जदार किसानों के खाते में सीधे जमा की जायेगी। किंतु इसके पूर्व किसानों का डाटा आनलाईन साफ्टवेयर में प्रविष्ट किये जाने व ऑडिट का डाटा प्रविष्ट किया जाना है।

# दीपका खदान से कोयला का हेराफेरी, कंपनी को पहुंचाया चूरा व मिट्टी

## वाहन चालकों व मालिकों के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका खदान से कोयला लेकर निकले वाहनों का कोयला अन्यत्र खपाकर उसमें चूरा व मिट्टी लोड कर संबंधित कंपनी में अनलोड कर हेराफेरी के मामले में वाहन मालिकों सहित चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार अशोक कुमार सिंह केके इंटरप्राईजेस पाली रोड -दीपका का प्रोपराइटर है। उसे माह नवम्बर 2018 में जगदम्बा पावर एण्ड एल्लयस लिमिटेड का डीओ (डिलीव्हरी आर्डर)संख्या 08888, 210102 प्राप्त हुआ था। उसके चचेरे भाई राकेश सिंह पिता मंगल सिंह 32 वर्ष को जगदम्बा पावर एण्ड एल्लयस लिमिटेड में अधिकृत पर्सन बनाया गया था। राकेश सिंह के द्वारा दीपका



खदान से डीओ के माध्यम से ट्रकों से कोयला जगदम्बा पावर एण्ड एल्लयस लिमिटेड रायपुर भेजा जाता है। डीओ लेकर ट्रेलर संख्या सीजी.15 एसी.3857, सीजी.04एचबी.2217, सीजी.15एसी.3874, सीजी.10सी.5002, सीजी.04जेसी.2817 के चालक अलग-अलग तिथि को दीपका खदान से कोयला लोड कर कांटा घर से वजन कराकर गेट पास तथा बिल्टी लेकर जगदम्बा पावर एण्ड एल्लयस लिमिटेड रायपुर के लिये निकले थे। यहां चालकों ने मिलावटी कोयला अनलोड किया, जिस पर जगदम्बा पावर एण्ड एल्लयस लिमिटेड रायपुर के कमल कुमार साहू ने लिखित में सूचना दी। इसके पश्चात उक्त ट्रेलरों से भेजे गए कोयला में मिलावट होने की आशंका पर परीक्षण कराया गया जिसमें कोयले की गुणवत्ता अत्यधिक खराब तथा उसमें काला जीरा गिट्टी व मिट्टी मिलावट किया जाना पाया गया। इस कारण से सभी गाड़ियों को प्लांट में खड़ा करा दिया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सीनियर डीसीएम कश्यप ने संभाला पदभार

**बिलासपुर(आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में सीनियर डीसीएम विकास कश्यप ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने वाणिज्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को अनौपचारिक बैठक ली। इस दौरान मंडल में यात्री सुविधा के लिए चल रहे कार्य और परियोजना के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कश्यप भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 2010 बेच के अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक 2 के पद पर कार्यरत थे। उन्हें रायपुर रेल मंडल में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अनुभव है।

## कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, तीन घायल



**कांकेर (आरएनएस)।** नेशनल हाइवे मार्ग पर आज सुबह एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार परखच्चे उड़ गये और कुछ घायल कार के अंदर अभी भी फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है। कार में पांच लोग सवार थे फिलहाल तीन लोगों को कार से बाहर निकाल लिया गया है और दो सवार अभी भी कार में फंसे हुए हैं। कार को जेसीबी से काटकर तीन लोगों को बाहर निकाला गया है। हादसा नेशनल हाइवे पर इसानवन के समीप घटित हुआ है।

## फेंसिंग तार में फंसा भालू शावक

**कोरबा (आरएनएस)।** जंगल में सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार में भालू का एक शावक बुरी तरह उलझ गया। सूचना उपरांत मौके पर पहुँचे वन अमले ने शावक को सुरक्षित निकाल कर जंगल की ओर छोड़ा। बताया गया कि वनमंडल कटघोरा अंतर्गत वन परिक्षेत्र जटगा के कक्ष क्रमांक पी 269 में कराए गए फेंसिंग तार में एक भालू शावक बुरी तरह उलझ गया। मादा भालू अपने शावक को उलझे देख इर्द-गिर्द मंडराने लगी। मामले की जानकारी जटगा परिक्षेत्र के वन अमले को हुई और वनपरिक्षेत्राधिकारी मोहर सिंह मरकाम सहित अमला आनन-फानन में मौके पर पहुँचा।

## लो और हाई इम्पेक्ट ऐरोबिक्स एक्सरसाइजः अंतर पहचानिए फिर तय करिए क्या है बेहतर



शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए आजकल ऐरोबिक्स बहुत मशहूर है। यह ऐसी एक्सर्साइज है जो शरीर का लचीलापन, मांसपेशियों की ताकत और कार्डियो फिटनेस को सुधारने के लिए की जाती है। यह दो तरह की होती है हाई इम्पेक्ट ऐरोबिक्स और लो इम्पेक्ट ऐरोबिक्स।

दोनों को समझने के लिए दोनों का अंतर समझना जरूरी हैः

हाई इम्पेक्ट में चोट लगने का जोखिम ज्यादा

हाई इम्पेक्ट ऐरोबिक्स में चोट लगने का जोखिम ज्यादा होता है। इसमें लो इम्पेक्ट ऐरोबिक्स तुलना में ज्यादा ताकत लगती है। इसीलिए कहा जाता है कि कसरत करने की शुरुआत करने वालों को हाई इम्पेक्ट ऐरोबिक्स नहीं करनी चाहिए। इसी तरह बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को भी इससे परहेज करना चाहिए।

हाई इम्पेक्ट ऐरोबिक्स में शामिल हैंः

- रनिंग, जंपिंग, स्टेप ऐरोबिक्स , रैकेट बॉल, फुटबॉल, जिमनास्टिक्स,टेनिस

यह युवाओं की बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए अच्छी कसरत है।

लो इम्पेक्ट ऐरोबिक्स जोड़ों पर आसान

लो इम्पेक्ट ऐरोबिक्स में शरीर पर उतना जोर नहीं लगता जितना हाई इम्पेक्ट में लगता है। इसीलिए इसमें शरीर के जोड़ों और मांसपेशियों में चोट लगने का खतरा कम होता है। इसे गर्भवती महिलाएं भी कर सकती हैं।

## नकारात्मक भूमिका निभाने का अद्भुत समय रहा : निम्रत



हॉलीवुड श्रंखला होमलैंड के अंतिम सीजन में तस्नीम कुरैशी के रूप में वापसी कर रहीं अभिनेत्री निम्रत कौर का कहना है कि नकारात्मक किरदार निभाना उनके करियर का अद्भुत समय रहा है। यह पूछे जाने पर कि शो के आखिरी सत्र में पहुंचने पर वह कैसा महसूस कर रही हैं? निम्रत ने कहा, यह अद्भुत था। उनके साथ काम करने का अद्भुत समय रहा। लेखक बहुत प्रतिभाशाली थे। नकारात्मक भूमिका निभाना पहली बार अद्भुत रहा। यह मेरे लिए बहुत ही रोमांचक और मजेदार था। निम्रत अमेरिकी जासूसी थ्रिलर के चौथे सीजन का हिस्सा रही हैं। इससे पहले वह वेवार्ड पाइन्स श्रंखला में जेसन पैट्रिक के साथ काम कर चुकी हैं। उन्हें इससे पहले भारतीय वेब-सीरीज द टेस्ट केस में देखा गया था, जिसमें उनकी प्रस्तुति की काफी प्रशंसा की गई थी।

## कटरीना ने ठुकरा दी अक्षय कुमार की सूर्यवंशी



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ पिछली बार शाहरुख खान की फिल्म जीरो में एक ग्लैमरस रोल में दिखाई दी थीं। इस समय वह अपनी अगली फिल्म भारत की शूटिंग में बिजी है जिसमें लीड रोल में सलमान खान दिखाई देंगे। हाल में कुछ ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि कटरीना को रोहित शेट्टी ने अपनी अगली फिल्म वीर सूर्यवंशी के लिए अप्रोच किया था जिसमें लीड रोल में अक्षय कुमार दिखाई देंगे।

हालांकि अब लगता है कि लोगों को इस पॉप्युलर जोड़ी को एक बार फिर साथ देखने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। हाल में एक इंटरव्यू में कटरीना ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म को साइन नहीं किया है। कटरीना का कहना है कि वह इस समय केवल भारत पर फोकस कर रही हैं। कटरीना ने यह भी बताया कि वह अभी अन्य फिल्मों की स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में उनका रोल काफी स्ट्रॉन्ग है और वह इस फिल्म में काम करते हुए काफी इंजॉय कर रही हैं। इस फिल्म के लिए कटरीना ने डायरेक्टर अली अब्बास जफर के साथ काफी वर्कशॉप की थीं।